# साप्ताहिक वन लाइनर्स

15-21 अक्टूबर 2021






# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

# 15-21 अक्टूबर 2021

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट **तीसरे सप्ताह** (15-21) **अक्टूबर 2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

**1.** किस सहकारी बैंक ने 3-इन-1 खाते के माध्यम से अपने ग्राहकों को निवेश सेवाएं प्रदान करने हेतु एक्सिस सिक्योरिटीज के साथ साझेदारी की ______**सारस्वत कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड।**

**नोट:**

- यह सुविधा सहकारी बैंक द्वारा अनुरक्षित बचत बैंक खाते को एक्सिस सिक्योरिटीज द्वारा प्रदान किए गए डीमैट तथा ट्रेडिंग खाते से जोड़ेगी, जो कि एक्सिस बैंक की सहायक कंपनी है।
- यह सुविधा ग्राहकों के लिए शीघ्र निधि हस्तांतरण असान बनाएगी, कागजी कार्यवाही को कम करेगी और सबसे महत्वपूर्ण बात, इक्विटी, डेरिवेटिव, मुद्रा, कमोडिटीज, MF, IPO आदि जैसे विभिन्न निवेश के साधनों में निवेश हेतु एक व्यापक मंच प्रदान करेगी।

**2.** भारत का 12वां स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB) ______**यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- RBI ने लगभग 6 वर्ष के अंतराल के बाद एक नया बैंक लाइसेंस जारी किया है।
- यह पहली बार है जब दो साझेदार एक बैंक बनाने के लिए समान रूप से एकजुट हो रहे हैं।
- सेंट्रम के MSME और माइक्रो फाइनेंस व्यवसायों का यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक में विलय किया जाएगा।

**3.** किस स्मॉल फाइनेंस बैंक ने पूरे भारत में बैंक नेटवर्क के माध्यम से डिजिटल रूप से तत्काल, समझने में आसान बीमा उत्पाद पेश करने के लिए गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस के साथ भागीदारी की _________ **शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।**

**नोट:**

- बीमा उत्पादों में स्वास्थ्य बीमा योजना, मोटर बीमा, आवास और दुकान बीमा शामिल हैं।
- शिवालिक बैंक के मौजूदा ग्राहकों को आम तौर पर खुदरा, विनिर्माण तथा सेवा, आवास तथा रियल एस्टेट, और माइक्रोफाइनेंस जैसे विभिन्न खंडों में वर्गीकृत किया गया है।
- गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस अपने ग्राहकों के लिए कवर खरीदने, क्लेम प्रस्तुत करने तथा प्राप्त करने की प्रक्रिया को आसान बनाने में बैंक की सहायता करेगा।

**4.** किस आईटी कंपनी ने महिला पेशेवरों के लिए 'बिगिन अगेन' कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत अध्ययन प्रोत्साहन, मातृत्व, वृद्धजनों की देखभाल, यात्रा, जुनून या किसी अन्य व्यक्तिगत कारणों से अपने करियर को विराम देने महिलाएं इसे पुन: शुरू कर सकती हैं ________**विप्रो।**

**नोट:**

- यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए है जिन्होंने भारत में नौकरियों के लिए अपने करियर में छह महीने से एक वर्ष या उससे अधिक की अवधि का विराम लिया था।
- यह पहल प्रतिभाशाली महिलाओं को कैरियर के अवसर तलाशने में सक्षम बनाती है जो उनकी क्षमता का उपयोग करने तथा उन्हें वापस पटरी पर लाने में मदद करेगी।

**5.** किस जीवन बीमा कंपनी ने पूरे परिवार के लिए एक बचत और सुरक्षा कवर "सरल बचत बीमा योजना" शुरू की है_________ **इंडियाफर्स्ट लाइफ।**

**नोट:**

- यह पूरे परिवार के लिए एक बचत तथा सुरक्षा कवर है।
- यह नॉन-लिंक्ड, गैर-भागीदारी युक्त, व्यक्तिगत, लिमिटेड प्रीमियम पॉलिसी पूरे परिवार को 12-15 वर्ष तक सुरक्षित रखते हुए 5 या 7 वर्ष की अल्प भुगतान प्रतिबद्धता प्रदान करती है।
- इंडियाफर्स्ट लाइफ बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रवर्तित है।

**6.** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के तहत किसानों द्वारा भुगतान किया जाने वाला प्रीमियम नकदी फसलों के लिए बीमित राशि का कितना प्रतिशत है___________ **5%।**

**नोट:**

- केंद्र सरकार ने खरीफ 2022 से एक नई प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) शुरू करने के लिए एक कार्य-दल का गठन किया है।
- इस कार्य-दल में केंद्र, प्रमुख फसल उत्पादक राज्यों के सदस्य और सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के शीर्ष अधिकारी होंगे।

**7.** किस ब्लॉकचेन डेवलपमेंट कंपनी के सहयोग से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (NSE) ने गोल्ड बुलियन के लिए 'NSE-शाइन' नाम से एक ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है__________ **चेनफ्लक्स।**

**नोट:**

- यह प्लेटफॉर्म गोल्ड डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट के निपटान हेतु बुलियन बार इंटीग्रिटी के लिए एक डेटा फ्रेमवर्क प्रदान करेगा।
- भारतीय प्रबंधन संस्थान - अहमदाबाद (IIM-A) में इंडिया गोल्ड पॉलिसी सेंटर (IGPC) और इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) ने इस ब्लॉकचेन-आधारित प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए NSE और चेनफ्लक्स के साथ मिलकर काम किया है।

**8.** किस जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने ड्रोन मालिकों तथा ऑपरेटरों के लिए 'रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम (RPAS)' बीमा लॉन्च किया है _________ **टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड।**

**नोट:**

- इसने ड्रोन इकोसिस्टम पर एक डीप टेक स्टार्टअप ट्रोपोगो को RPAS बीमा योजना का वितरण भागीदार घोषित किया।
- टाटा एआईजी ने RPAS बीमा पर IRDAI के कार्यकारी समूह द्वारा की गई सिफारिशों और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया (DFI) से अन्य मूल्यवान जानकारी को संतुष्ट करने के बाद RPAS बीमा लॉन्च किया है।
- RPAS बीमा उत्पाद ड्रोन पर समावरक तथा तृतीय-पक्ष दोनों देयता जोखिम, बियॉन्ड विज़ुअल लाइन ऑफ साइट (BVLOS) परिचालन, रात्रि उड़ान, डेटा हानि देयता, आदि के लिए वैकल्पिक कवरेज को कवर करते हैं।

**9.** टेलीकॉम ऑपरेटर, वोडाफोन आइडिया (VIL) ने 5G-आधारित स्मार्ट सिटी सॉल्यूशंस का परीक्षण करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना हेतु किस भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ करार किया _________**L&T ग्रुप।**

**नोट:**

- दोनों कंपनियां L&T के स्मार्ट सिटी प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए शहरीकरण, सुरक्षा की चुनौतियों का समाधान करने और नागरिकों को स्मार्ट समाधान पेश करने के लिए साझेदारी करेंगी।
- प्रायोगिक परियोजना पुणे, महाराष्ट्र में शुरू की जाएगी।

**10.** एग्री-फिनटेक फर्म द्वारा ई-डेयरी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने डिजिटल तकनीकों का उपयोग करके लघु एवं मध्यम डेयरी किसानों को वित्तीय तथा पशु प्रबंधन समाधानों से सशक्त बनाकर छोटे डेयरी किसानों की सहायता के लिए किस स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक सहयोग किया है _________ **जन स्मॉल फाइनेंस बैंक।**

**नोट:**

- संपूर्ण भारत में ग्रामीण तथा कृषि क्षेत्रों में जन SFB के व्यापक शाखा नेटवर्क के माध्यम से, द्वारा ई-डेयरी पशु ऋण के लिए ऋण तथा हामीदारी प्रक्रिया का विस्तार करना चाहती है।
- द्वारा ई-डेयरी का डिजिटल पहचान (ID) टैग सुरभि ई-टैग मुखरोधनी पहचान के आधार पर सटीक मवेशी पहचान प्रदान करेगी।

**11.** TROF में 'F' का क्या अर्थ है_________ **File।**

**नोट:**

- NPCI ने व्यापारियों के पास कार्ड विवरण संग्रहीत करने के विकल्प के रूप में कार्ड टोकेनाइजेशन में सहायता हेतु NPCI टोकेनाइजेशन सिस्टम (NTS) शुरू किया।
- NTS ग्राहकों की सुरक्षा को बढ़ाने और उपभोक्ताओं को खरीदारी का निर्बाध अनुभव प्रदान करने के लिए रुपे कार्डों के टोकन का समर्थन करेगा।
- NTS के साथ, अधिग्रहणकर्ता बैंक, एग्रीगेटर, व्यापारी इत्यादि लोग स्वयं को NPCI प्रमाणित करवा सकते हैं और सभी सहेजे गए कार्ड नंबरों के विपरीत टोकन रिफरेंस नंबर (टोकन रिफरेंस ऑन फाइल या **TROF**) को सहेजने में मदद हेतु टोकन अनुरोधकर्ता की भूमिका निभा सकते हैं।

**12.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किस पेमेंट बैंक पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है ________ **पेटीएम पेमेंट बैंक।**

**नोट:**

- केंद्रीय बैंक ने पाया कि अनुमोदन के अंतिम प्रमाण पत्र जारी करने हेतु पेटीएम पेमेंट बैंक के आवेदन में उसकी तथ्यपूर्ण स्थिति नहीं दिख रही थी।
- यह भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 (PSS अधिनियम) की धारा 26 (2) में निर्दिष्ट प्रकृति के अपराध से संबंधित है।

**13.** SME ऋणदाता तथा फिनटेक **Rupifi** ने 15 मिलियन लघु एवं मध्यम उद्यमों को तत्काल ऋण तक पहुंच प्रदान करने हेतु किस NBFC के साथ साझेदारी की ________ **मुथूट फाइनेंस।**

**नोट:**

- कंपनियों ने यह साझेदारी इस वर्ष की शुरुआत में शुरू की थी और अब देश में विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में इसे बढ़ाने हेतु प्रयासरत हैं।
- जनवरी 2020 में शुरू किया गया, **Rupifi** SME को जरूरत पड़ने पर अपनी बकाया राशि का भुगतान बिना किसी मासिक EMI के प्रतिदिन के ब्याज मूल्य के साथ करने की अनुमति देता है।
- इस साझेदारी के माध्यम से, स्टार्टअप आगामी वर्षों में अपने SME पोर्टफोलियो का निर्माण करना चाहता है।

**14.** किस बैंक ने नकद निकासी और खाते की शेष राशि की जांच करने जैसी प्रमुख बैंकिंग सेवाओं के लिए देश भर में माइक्रो एटीएम लॉन्च किए हैं ________ **कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (KMBL)।**

**नोट:**

- सभी बैंकों के ग्राहक जिनके पास डेबिट कार्ड है, वे कोटक माइक्रो ATM का उपयोग प्रमुख बैंकिंग सेवाओं जैसे नकद निकासी और खाते की शेष राशि की जांच के लिए कर सकते हैं। ATM का एक छोटा संस्करण, माइक्रो ATM छोटी हाथ में पकड़ने योग्य डिवाइस है।

**15.** NPCI भारत बिलपे लिमिटेड (NBBL) के सहयोग से किस डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म ने अपने ग्राहकों के लिए क्लिकपे लॉन्च किया है ________ **फोनपे।**

**नोट:**

- क्लिकपे एक अनूठा भुगतान लिंक है जो ग्राहकों को आवर्ती ऑनलाइन बिल भुगतान (बिजली, पानी, गैस, ऋण, आदि) करने में सक्षम बनाता है और प्रत्येक बिलर या सेवा से जुड़े खाता विवरण को याद रखने की आवश्यकता को समाप्त करता है।
- बिलर द्वारा भेजा गया यह लिंक ग्राहक को सीधे भुगतान के पेज पर ले जाएगा, जिससे बिल की राशि तुरंत प्राप्त हो जाएगी।

**16.** किस पेट्रोलियम कंपनी ने आउटलेट पर बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एक स्वचालित फ्यूलिंग तकनीक 'यूफिल' लॉन्च की है_________ **BPCL।**

**नोट:**

- नए यू-फिल आउटलेट 65 शहरों में लॉन्च किए गए हैं और शीघ्र ही पूरे देश में लॉन्च होने की संभावना है।
- यू-फिल तकनीक के उपयोग हेतु ग्राहकों को कोई ऐप डाउनलोड करने की आवश्यकता नहीं है।

**17.** फोर्ब्स द्वारा प्रकाशित विश्व की सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता रैंकिंग 2021 के अनुसार कौन सी भारतीय कंपनी देश में सर्वोच्च नियोक्ता है _______ **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड।**

**नोट:**

- मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली RIL को 750 ग्लोबल कॉरपोरेट्स की समग्र रैंकिंग में 52वें स्थान पर रखा गया।
- शीर्ष 100 रैंकिंग में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय कंपनियों में ICICI बैंक 65वें, HDFC बैंक 77वें और HCL टेक्नोलॉजीज 90वें स्थान पर है।
- फोर्ब्स रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स थी, इसके बाद IBM, माइक्रोसॉफ्ट तथा अमेजन का स्थान था।

## श्रद्धांजलियां

**1.** प्रसिद्ध व्यक्ति कॉलिन पॉवेल का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के पूर्व विदेश मंत्री थे _________ **अमेरिका।**

**नोट:**

- अमेरिकी सरकार में चार दशकों से अधिक समय तक रहे, पॉवेल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्टेट सेकेट्री के रूप में उनके भाषण के लिए विशेष तौर पर याद किया जाएगा, जिसने मार्च 2003 में इराक पर

अमेरिकी हमले का मार्ग प्रशस्त किया, जिसमें यह गलत आरोप लगाया गया कि तत्कालीन इराकी नेता सद्दाम हुसैन ने जनविनाशकारी आयुध (WMD) का एक भंडार बनाया था।

**2.** श्रीलंका के पहले टेस्ट कप्तान जिनका हाल ही में निधन हो गया _________**बंदुला वर्णपुरा।**

**नोट:**

- दाएं हाथ के बल्लेबाज, वर्णपुरा ने अपने देश का नेतृत्व किया जब उन्होंने 1982 में अपने पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड का सामना किया और तीन टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 12 की औसत से कुल 96 रन बनाए। उन्होंने 12 एकदिवसीय मैच भी खेले, जिसमें 15 की औसत से 180 रन बनाए।

**3.** प्रसिद्ध व्यक्ति बलविंदर सिंह नकई का हाल ही में निधन हो गया वह किसके अध्यक्ष थे_________ **IFFCO।**

**नोट:**

- नकई एक प्रख्यात किसान-सहकार्मी थे, और पिछले तीन दशकों से भारतीय सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने में गंभीरतापूर्वक शामिल थे।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** विश्व विद्यार्थी दिवस हर वर्ष मनाया जाता है________**15 अक्टूबर।**

**नोट:**

- यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था।
- उन्होंने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) में एक वैज्ञानिक तथा प्रशासक के रूप में काम किया।

**2.** अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस हर वर्ष मनाया जाता है_______ **15 अक्टूबर।**

**नोट:**

- यह दिवस कृषि तथा ग्रामीण विकास में ग्रामीण महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका तथा योगदान को सम्मानित करता है।
- इस वर्ष, दिवस का विषय 'Rural women cultivating good food for all' है।
- विषय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को जड़ से मिटाना है।

**3.** ग्लोबल हैंडवाशिंग डे (GHD) हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है_________ **15 अक्टूबर।**

**नोट:**

- यह दुनिया भर के लोगों को हाथ धोने की आदतों में सुधार हेतु प्रेरित करने तथा एकजुट करने के लिए हाथ धोने का अंतर्राष्ट्रीय प्रचार अभियान है।
- इस दिवस की स्थापना 2008 में ग्लोबल हैंडवाशिंग पार्टनरशिप (GHP) (जिसे पहले "पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप फॉर हैंडवाशिंग" (PPPHW) कहा जाता था) द्वारा की गई थी।
- **GHD** 2021 का विषय **'Our Future Is at Hand - Let's Move Forward Together'**

**4.** विश्व खाद्य दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है_________**16 अक्टूबर।**

**नोट:**

- यह संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की एक पहल है। यह वैश्विक कार्यक्रम भूख की समस्या से निपटने और सभी को स्वस्थ आहार सुनिश्चित करने के लिए दुनिया भर में जागरूकता और सामूहिक कार्यवाही का आह्वान करने वाला दिवस है।
- इस वर्ष का विषय "Our actions are our future. Better production, better nutrition, better environment and a better life" है।

5. अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर वर्ष मनाया जाता है________ **17 अक्टूबर।**

**नोट:**

- यह दिवस उन प्रयासों तथा संघर्षों को पहचानने और स्वीकार करने का एक साधन है, जिसका सामना गरीबी में जीवन जीने को विवश लोग करते हैं।
- इस वर्ष का विषय "Building forward together: Ending Persistent Poverty, Respecting all People and our Planet." है।

6. विश्व सांख्यिकी दिवस आधिकारिक सांख्यिकी के मूलभूत सिद्धांतों की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए हर वर्ष दुनिया भर में किस तारीख को मनाया जाता है_______**20 अक्टूबर।**

**नोट:**

- विश्व सांख्यिकी दिवस 2021 संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के मार्गदर्शन में आयोजित एक वैश्विक सहयोगपूर्ण प्रयास है।
- संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग ने 20 अक्टूबर 2010 को विश्व सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा।

7. विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस (WOD) ऑस्टियोपोरोसिस तथा उपापचयी अस्थि रोगों की रोकथाम, निदान एवं उपचार के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने हेतु हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है________**20 अक्टूबर।**

**नोट:**

- इस दिवस का आयोजन इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन (IOF) द्वारा किया जाता है।
- 2021 हेतु वैश्विक WOD अभियान का विषय: Serve Up Bone Strength
- ऑस्टियोपोरोसिस का अर्थ है 'छिद्रित हड्डी' और यह एक ऐसी बीमारी है जो हड्डियों को कमजोर करती है, और इससे पीड़ित व्यक्ति में अचानक एवं अप्रत्याशित बोन फ्रैक्चर का अधिक जोखिम रहता है।

8. इंटरनेशनल शेफ डे 2021 का विषय __________ **Healthy Food for the Future**

**नोट:**

- इंटरनेशनल शेफ डे 2021 का विषय: **Healthy Food for the Future**
- यह अनुभवी शेफ के लिए अपने ज्ञान और पाक कला कौशल को गर्व तथा प्रतिबद्धता के साथ अगली पीढ़ी को सौंपने का भी दिन है।
- इसे 2004 में एक प्रसिद्ध शेफ और वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ शेफ सोसाइटीज (वर्ल्ड शेफ) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बिल गैलाघर द्वारा बनाया गया था।

9. पुलिस स्मृति दिवस कर्तव्य की राह पर शहीद सभी पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है ________**21 अक्टूबर।**

**नोट:**

- 2012 से चाणक्यपुरी, दिल्ली स्थित पुलिस स्मारक में राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस स्मृति दिवस परेड आयोजित की जा रही है।

- 15 अक्टूबर 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में भारत के पहले राष्ट्रीय पुलिस संग्रहालय का उद्घाटन किया।

## नई नियुक्तियां

**1.** कर्नाटक बैंक का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया ________ **प्रदीप कुमार पांजा।**

**नोट:**

- उनकी नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने स्वीकृत की।
- वह अंशकालिक गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे।
- वह पी. जयराम भट की जगह लेंगे, जो 13 नवंबर, 2021 को सेवानिवृत्त होंगे।

**2.** अमिताभ चौधरी को पुन: किस बैंक का प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया _______**एक्सिस बैंक।**

**नोट:**

- उनकी नियुक्ति को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा स्वीकृति दी गई।
- उनका दूसरा तीन वर्षीय कार्यकाल 1 जनवरी, 2022 से शुरू होगा।
- एक्सिस बैंक में शामिल होने से पूर्व, वह HDFC स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस के MD एवं CEO थे।

**3.** किसे सर्वसम्मति से भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (IWLF) का अध्यक्ष चुना गया ________ **सहदेव यादव।**

**नोट:**

- सिटी होटल में चुनावी कांग्रेस की वार्षिक आम परिषद की बैठक के दौरान आनंद गौड़े को महासंघ का महासचिव और नरेश शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया।
- कुल दस उपाध्यक्ष, चार संयुक्त सचिव और सात कार्यकारी समिति के सदस्य भी चुने गए।
- निर्वाचन रिटर्निंग ऑफिसर नरिंदर पॉल कौशिक, न्यायिक अधिकारी (सेवानिवृत्त), दिल्ली जिला न्यायालय द्वारा आयोजित किए गए थे।

**4.** राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (NRDC) का नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया ________ **अमित रस्तोगी।**

**नोट:**

- इससे पूर्व, वह 5 वर्ष तक एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के निदेशक और 2 वर्ष तक नौसेना डॉकयार्ड में टेक सेवाओं के अतिरिक्त महाप्रबंधक थे।
- NRDC की स्थापना भारत में विभिन्न राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में विकसित प्रौद्योगिकियों के विकास तथा प्रोत्साहन में सहायता हेतु 1953 में की गई थी।

**5.** ए.के. गोयल किस बैंक के प्रबंध निदेशक और CEO हैं, जिन्हें 2021-22 के लिए भारतीय बैंक संघ का नया अध्यक्ष चुना गया है_________**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया।**

**नोट:**

- वह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के MD एवं CEO राजकिरण राय जी की जगह लेंगे।
- सितंबर 2021 में, बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB) ने पंजाब नेशनल बैंक में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी के पद हेतु गोयल के नाम की सिफारिश की थी।

- गोयल नवंबर 2018 से यूको बैंक (मुख्यालय- कोलकाता) का नेतृत्व कर रहे हैं।

6. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (AMFI) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया ________**ए. बालासुब्रमण्यम।**

**नोट:**

- उन्होंने पहले 2017-2019 की अवधि में AMFI अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है और अब अगली AGM के समापन तक इस पद पर बने रहेंगे।
- ए. बालासुब्रमण्यम को AMFI का अध्यक्ष रहते हुए AMFI वित्तीय साक्षरता समिति का पदेन अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया।
- एडलवाइस एएमसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी राधिका गुप्ता AMFI की उपाध्यक्ष चुनी गईं।

7. भारत में रूसी फिल्म महोत्सव का एंबेसडर किन्हें नियुक्त किया गया_________ **इम्तियाज अली।**

**नोट:**

- महोत्सव के एक भाग के रूप में, भारतीय दर्शकों हेतु विभिन्न शैलियों की दस रूसी फिल्मों का प्रीमियर डिज्नी+हॉटस्टार पर दिखाया जाएगा।
- भारत में पहला ऑनलाइन रूसी फिल्म महोत्सव रूसी संघ के संस्कृति मंत्रालय, सिनेमा फंड, मॉस्को सिटी टूरिज्म कमेटी, डिस्कवर मॉस्को, रोसोड्डनिचेस्टवो और कार्टिना एंटरटेनमेंट की सहायता से आयोजित किया गया है।
- महोत्सव 2020 में शुरू किया गया था और 200 हजार से अधिक दर्शकों के साथ 14 देशों में सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) ने किसकी अध्यक्षता में निपटान आदेश और अपराध संयुक्तीकरण चार सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त सलाहकार समिति गठित की _________ **विजय सी. डागा।**

**नोट:**

- समिति की अध्यक्षता बॉम्बे उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश विजय सी. डागा करेंगे।
- समिति नियामक द्वारा निर्दिष्ट निपटान कार्यवाही विनियम, 2018 के अनुसार काम करेगा।
- निपटान तंत्र के अंतर्गत, गलत काम करने वाला एक कथित व्यक्ति नियामक के साथ किसी लंबित मामले को निपटान शुल्क का भुगतान करके अपराध की स्वीकृति या इनकार किए बिना निपटा सकता है।

2. नागर विमानन मंत्री, ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने पूर्वोत्तर भारत के हवाई संपर्क का विस्तार करते हुए कितने मार्गों को वर्चुअली शुरू किया ________ **छह।**

**नोट:**

- इन मार्गों पर मूल निवासियों की हवाई संपर्क की मांग लंबे समय से लंबित है।
- यह प्रकृति प्रेमियों, यात्रियों, पर्यटकों आदि के लिए निर्बाध हवाई पहुंच के विकल्प खोलेगा।
- इन नई उड़ानों के साथ, गुवाहाटी, आइजोल और शिलांग के यात्रियों को देश के बाकी हिस्सों से भविष्य में हवाई संपर्क के कई विकल्प मिलेंगे।

3. वैश्विक खाद्य सुरक्षा (GFS) सूचकांक 2021 में भारत की रैंक ________ **71वीं।**

**नोट:**

- GFS सूचकांक लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इम्पैक्ट द्वारा प्रकाशित और कोर्टेवा एग्रीसाइंस द्वारा प्रायोजित है।
- शीर्ष प्रदर्शक राष्ट्र: आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, यूके, फिनलैंड, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड, कनाडा, जापान, फ्रांस और यूएस।

**4.** किस संस्थान ने डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 'फ्यूचर टेक 2021- प्रौद्योगिकी अपनाने तथा बढ़ोतरी हेतु डिजिटल परिवर्तन का सफर' का आयोजन किया ________**CII।**

**नोट:**

- यह 19 से 27 अक्टूबर 2021 तक आयोजित होगी।
- फ्यूचर टेक 2021 का विषय: Driving technologies for building the future, we all can trust
- विषय में 5 स्तंभ होंगे: रणनीति, विकास, लचीलापन, समावेशिता, विश्वास।

**5.** 2021 मर्सर सीएफएस ग्लोबल पेंशन इंडेक्स सर्वेक्षण में भारत की रैंक, जिसने दुनिया भर में 43 पेंशन प्रणाली को रैंक प्रदान की________**40वीं।**

**नोट:**

- शीर्ष प्रदर्शक राष्ट्र: आइसलैंड का सूचकांक मान 84.2 है।
- थाईलैंड का समग्र सूचकांक मान सबसे कम 40.6 था।
- 2020 में भारत को 39 पेंशन प्रणालियों के बीच 34वें स्थान पर रखा गया था।

**6.** कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा जिसका हाल ही में उद्घाटन हुआ वह किस प्रदेश मे है ____**उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- प्रधानमंत्री मोदी ने कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया।
- कोलंबो से 100 से अधिक बौद्ध भिक्षुओं तथा उच्चाधिकारियों के साथ कुशीनगर में उतरने वाली पहली फ्लाइट थी।
- कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल की तीर्थयात्रा की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था विकसित होगी।

**7.** कोविड-19 से लड़ने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज (PMGKP) बीमा योजना जिसे अगले छह माह के लिए विस्तारित किया गया, के अंतर्गत कितनी राशि कवर की गई है______**50 लाख रुपये।**

**नोट:**

- पॉलिसी की वर्तमान अवधि 20 अक्टूबर 2021 को समाप्त हो रही है।
- योजना के तहत अब तक 1351 क्लेम का भुगतान किया जा चुका है।

**8.** भारत से 3.1 मिलियन लीटर उच्च गुणवत्तापूर्ण गैर-हानिकारक नैनो नाइट्रोजन द्रव उर्वरक की पहली खेप किस देश को प्राप्त हुई _______**श्रीलंका।**

**नोट:**

- यह मक्का तथा धान की खेती में द्वीप राष्ट्र के पूर्वी प्रांत की मदद करेगा।
- पारंपरिक यूरिया के असंतुलित तथा अत्यधिक उपयोग के समाधान के उद्देश्य से, **IFFCO** द्वारा नैनो नाइट्रोजन द्रव उर्वरक विकसित किया गया था।
- इसे विश्व में पहली बार स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

**9.** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्रेरणा स्थल का उद्घाटन कहां पर स्थित नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (NSTL) में किया गया_____**विशाखापत्तनम।**

**नोट:**

- NSTL रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की नौसेना संबंधी प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला है।
- डॉ. कलाम प्रेरणा स्थल विशेष रूप से युवाओं को डॉ. कलाम के जीवन तथा उनकी त्रुटिरहित उपलब्धियों से प्रेरित करेगा।

**10.** ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2021 में भारत की रैंक________**101वीं।**

**नोट:**

- चीन, ब्राजील और कुवैत सहित 18 देश पांच से कम GHI स्कोर के साथ शीर्ष रैंक पर हैं।
- भारत अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल से पीछे है।
- GHI को आयरिश सहायता एजेंसी कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मन ऑर्गनाइजेशन वेल्ट हंगर हिल्फ द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया था।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** किस राज्य की पुलिस ने 'ऑपरेशन सतर्क' नामक एक गश्ती अभियान शुरू किया ________**दिल्ली।**

**नोट:**

- दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने ऑपरेशन के तहत 12 अक्टूबर को सरोजिनी मार्केट में पैदल गश्ती की।
- यह गश्त 'ऑपरेशन सतर्क' का एक हिस्सा है जिसका उद्देश्य नियमित उपद्रवियों पर व्यापक जांच की सुविधा प्रदान करना और जनता के बीच विश्वास उत्पन्न करना है।

**2.** किस राज्य सरकार ने गांवों और शहरों की 'लाल लकीर' के भीतर घरों में रहने वाले लोगों को मालिकाना अधिकार प्रदान करने के लिए 'मेरा घर मेरे नाम' योजना शुरू की ________ **पंजाब।**

**नोट:**

- यह योजना विशेषकर जरूरतमंद तथा वंचितों को अतिआवश्यक सहायता प्रदान करेगी।
- पहले यह योजना केवल गांवों के लोगों हेतु शुरू की गई थी, लेकिन अब इसे 'लाल लकीर' के भीतर शहरों के पात्र निवासियों तक विस्तारित किया जा रहा है।

**3.** 'माउंट हैरियट' जिसका नाम बदलकर 'माउंट मणिपुर' कर दिया गया है, किस राज्य/ केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित है ________ **अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह।**

**नोट:**

- यह वहां पर कैद किए गए मणिपुर के महाराजा कुलचंद्रध्वज सिंह और 22 अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में किया गया था।
- 'माउंट हैरियट नेशनल पार्क' का नाम बदलकर 'माउंट मणिपुर नेशनल पार्क' कर दिया गया है।

**4.** किस राज्य सरकार ने "चीफ मिनिस्टर्स हेल्थ फॉर ऑल" योजना शुरू की________ **मणिपुर।**

**नोट:**

- इस योजना के तहत पूरे राज्य में घर-घर जाकर स्वास्थ्य जांच की जाएगी और मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए मुफ्त में जन औषधि दवाएं प्रदान की जाएंगी।

**5.** किस राज्य ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के तहत देश में सर्वाधिक इकाइयों को वित्तपोषित किया________ **उत्तर प्रदेश।**

**नोट:**

- उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के तहत देश में सर्वाधिक इकाइयों को वित्तपोषित किया है।
- उप्र सरकार ने PMEGP के तहत चालू वित्त वर्ष में 450 करोड़ रुपये से अधिक की कुल परियोजना लागत के साथ लगभग 3,588 इकाइयों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से अतिरिक्त राशि के रूप में कुल 123 करोड़ रुपये की सुविधा प्रदान की है।

**6.** कौन सी राज्य सरकार शीघ्र ही उन महिला कैदियों को रिहा करने के लिए 'मुक्त' योजना शुरू करेगी जो वर्षों से जेल में हैं और अपनी जमानत राशि का भुगतान करने और अन्य कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं ________ **महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- 'मुक्त' योजना छोटे अपराधों के लिए जेलों में बंद महिला कैदियों को राहत प्रदान देगी और जेलों पर बोझ भी कम करेगी।
- बेवजह प्रताड़ित और कानूनी आवश्यकताओं को पूरा कर रिहा की जा सकने वाली महिलाओं का पता लगाने के लिए राज्य की विभिन्न जेलों में 'मुक्त' योजना लागू की जाएगी।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** भारत ने किस देश के साथ कोकिंग कोल पर विशेष ध्यान देते हुए खनन तथा इस्पात क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं________**रूस।**

**नोट:**

- यह कदम भारत की राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 का हिस्सा है जिसके तहत देश का लक्ष्य **2030** तक 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन हासिल करना है।
- MoU ऐसे समय हुआ है जब भारत के गैर-विद्युत उद्योग (एल्यूमीनियम, सीमेंट और स्टील के द्वितीयक उत्पादक) थर्मल कोल कमी की गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं।
- हालांकि, कोकिंग कोल और थर्मल कोल के अलग-अलग अनुप्रयोग हैं और ये अतिव्यापित नहीं करते हैं।

**2.** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) में बनाई गई पहली फिल्म__________ **द चैलेंट।**

**नोट:**

- अभिनेत्री यूलिया पेरसिल्ड और निर्माता-निर्देशक क्लिमशिपेंको के साथ रोस्कोस्मोस के रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग नोवित्स्की अपने सोयुज MS-18 अंतरिक्ष यान में ISS रवाना हुए।
- फिल्म निर्माताओं ने इस महीने की शुरुआत में पूर्व सोवियत कजाकिस्तान में रूस की लीज़ वाले बैकोनूर कोस्मोड्रोम से उड़ान भरी, जो "द चैलेंज" के दृश्य फिल्माने के लिए अनुभवी अंतरिक्ष यात्री एंटोन श्काप्लेरोव के साथ ISS की यात्रा कर रहे थे।

**3.** किस पड़ोसी देश ने गंभीर विदेशी मुद्रा संकट के बीच कच्चे तेल की खरीद के भुगतान हेतु भारत से 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण सहायता मांगी है_________**श्रीलंका।**

**नोट:**

- यह भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी समझौते का एक भाग है।
- इसका उपयोग पेट्रोल तथा डीजल आवश्यकताओं की खरीद हेतु किया जाएगा।

- राष्ट्र द्वारा संचालित सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (CPC) पर दो प्रमुख सरकारी बैंकों: बैंक ऑफ सीलोन और पीपुल्स बैंक का 3.3 बिलियन USD का बकाया है।

**4.** कलेक्टिव सिक्योरिटी ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (CSTO) का मुख्यालय कहां स्थित है________**मास्को, रूस।**

**नोट:**

- वर्तमान में आर्मेनिया, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस और ताजिकिस्तान इसके सदस्य हैं।
- अफगानिस्तान और सर्बिया इसके पर्यवेक्षक राष्ट्र हैं।
- रूस के नेतृत्व वाले इस सुरक्षा गुट ने ताजिकिस्तान में अफगान सीमा के पास सैन्य अभ्यास शुरू किया है।

**5.** वैश्विक खाद्य सुरक्षा (GFS) सूचकांक 2021 में कौन सा देश शीर्ष स्थान पर है_______**आयरलैंड।**

**नोट:**

- भारत 113 देशों के वैश्विक खाद्य सुरक्षा (GFS) सूचकांक 2021 में 71वें स्थान पर है।
- चीन को 34वां, पाकिस्तान को 75वां, श्रीलंका को 77वां, नेपाल को 79वां और बांग्लादेश को 84वां स्थान मिला है।
- GFS सूचकांक लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इम्पैक्ट द्वारा निर्मित और कोर्टेवा एग्रीसाइंस द्वारा प्रायोजित है।

**6.** दुनिया भर में 43 पेंशन प्रणालियों को रैंक प्रदान करने वाले 2021 मर्सर सीएफएस ग्लोबल पेंशन इंडेक्स सर्वेक्षण में कौन सा देश पहले स्थान पर है_______**आइसलैंड।**

**नोट:**

- 2020 में भारत 39 पेंशन प्रणालियों के बीच 34वें स्थान पर था।
- विश्व स्तर पर, आइसलैंड 84.2 के समग्र सूचकांक अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है, जबकि थाईलैंड का समग्र सूचकांक अंक 40.6 (सबसे कम) था।

**7.** भारत, इज़राइल, अमेरिका और किस अरब देश ने नया क्वाड्रीलैटरल इकोनॉमिक फोरम शुरू करने का निर्णय लिया________**संयुक्त अरब अमीरात।**

**नोट:**

- क्वाड्रीलैटरल पिछले वर्ष अब्राहम समझौते के बाद अमेरिका, इज़राइल और UAE के बीच जारी सहयोग पर आधारित है।
- इस क्वाड समूह ने आर्थिक सहयोग हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय मंच स्थापित करने का निर्णय लिया, और मध्य पूर्व तथा एशिया में आर्थिक एवं राजनीतिक सहयोग का विस्तार करने वाली संयुक्त अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की संभावनाओं पर चर्चा की।

**8.** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिन्होंने अपना सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म "ट्रुथ सोशल" लॉन्च करने की घोषणा की_______**डोनाल्ड ट्रम्प।**

**नोट:**

- बहुप्रतीक्षित प्लेटफॉर्म का स्वामित्व ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप (TMTG) के पास होगा, जो एक सब्सक्रिप्शन वीडियो ऑन-डिमांड सर्विस भी शुरू करेगी जिसमें "नॉन-वोक" इंटरटेनमेंट प्रोग्रामिंग की सुविधा होगी।
- TMTG को सार्वजनिक कंपनी बनाने हेतु ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप ब्लैंक चेक कंपनी डिजिटल एक्विजिशन कॉर्प के साथ विलय करेगा।

## सम्मान एवं पुरस्कार

1. वर्ष 2021 के लिए ग्लोबल बिजनेस सस्टेनेबिलिटी लीडरशिप का प्रतिष्ठित सी.के. प्रहलाद पुरस्कार किसने प्राप्त किया __________ **सत्या नडेला।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार असाधारण, विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण निजी क्षेत्र के कार्यान्वयन, नवाचार तथा वैश्वीकरण की दुनिया में दीर्घकालिक व्यावसायिक सफलता को सम्मानित करता है।
- चार माइक्रोसॉफ्ट नेताओं ने पुरस्कार प्राप्त किया। प्रेसीडेंट तथा वाइस चेयरमैन ब्रैड स्मिथ, मुख्य वित्तीय अधिकारी एमी हूड, मुख्य पर्यावरण अधिकारी लुकास जोप्पा के साथ-साथ नडेला को 2030 तक माइक्रोसॉफ्ट को कार्बन प्रतिकूल कंपनी में बदलने और 2050 तक इसके सभी प्रमुख उत्सर्जन को हटाने पर केंद्रित उनके सहयोगी नेतृत्व हेतु पुरस्कृत किया गया।

2. दुबई में रिटोसा फैमिली समिट्स में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक _________**डॉ. विवेक लाल।**

**नोट:**

- जनरल एटॉमिक्स के CE डॉ. विवेक लाल को उनकी "उत्कृष्ट दूरदर्शिता, समर्पण और सफलता" हेतु दुबई में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला।
- जकार्ता में जन्मे भारतीय मूल के वैज्ञानिक, डॉ. लाल भारत-अमेरिका रक्षा व्यापार को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच कुछ "बड़े सौदों" में मध्यस्थता करने में असाधारण भूमिका हेतु प्रसिद्ध हैं।

3. किस देश की सेना ने '2021 कैम्ब्रियन पेट्रोल अभ्यास' आयोजित किया जिसमें भारतीय सेना की 4/5 गोरखा राइफल्स की टीम ने स्वर्ण पदक जीता_________**यूनाइटेड किंगडम।**

**नोट:**

- कैम्ब्रियन पेट्रोल अभ्यास एक वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सैन्य अभ्यास है, जो मनुष्य की परम सहनशीलता का परीक्षण करने के लिए आयोजित किया जाता है, इसलिए इसे कभी-कभी 'मिलेट्री पेट्रोलिंग का ओलंपिक' कहा जाता है।
- ब्रिटिश आर्मी के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ, जनरल सर मार्क कार्लेटन-स्मिथ ने भारतीय टीम को स्वर्ण पदक प्रदान किया।

4. किस भारतीय कंपनी ने कृषि अपशिष्ट से ईंधन, उर्वरक तथा अन्य विशेष रसायन बनाने की अपनी तकनीक के लिए "क्लीन अवर एयर" श्रेणी में प्रिंस विलियम द्वारा संस्थापित पहला अर्थशॉट प्राइज़ जीता, जिसे "इको ऑस्कर" भी कहा जाता है _________ **ताकाचर।**

**नोट:**

- भारतीय कंपनी ने कृषि अपशिष्ट से ईंधन, उर्वरक तथा अन्य विशेष रसायन बनाने की अपनी तकनीक के लिए "क्लीन अवर एयर" श्रेणी में पुरस्कार जीता।
- ताकाचर के नवाचार का उद्देश्य पराली दहन को समाप्त करना है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित उत्तर भारत में एक वार्षिक संकट है जिससे गंभीर वायु प्रदूषण होता है।

5. किस बौद्ध वंश ने अपने वीरतापूर्ण कार्यों के लिए यूनेस्को इंटरनेशनल सेंटर फॉर मार्शल आर्ट्स से प्रतिष्ठित मार्शल आर्ट्स एजुकेशन प्राइज़ 2021 जीता________ **कुंग फू नन (द्रुक्पा वंश)।**

**नोट:**

- यह पुरस्कार कुंग फू नन के वीरतापूर्ण कार्यों और संपूर्ण हिमालय में लैंगिक समानता के समर्थन को सम्मानित करता है।
- मार्शल आर्ट के माध्यम से, द्रुक्पा नन युवा लड़कियों को अपना बचाव करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा अपने समुदायों में नेतृत्व की भूमिका निभाने हेतु सशक्त बनाती हैं।

**6.** प्रख्यात एलेक्सी नवाल्नी किस देश के राजनीतिक नेता हैं, जिन्हें यूरोपीय संघ के सर्वोच्च मानवाधिकार पुरस्कार 2021 सखारोव पुरस्कार से सम्मानित किया गया__________ **रूस।**

**नोट:**

- यह यूरोपीय संघ का सर्वोच्च मानवाधिकार पुरस्कार है।
- श्री नवाल्नी को सखारोव पुरस्कार प्रदान करते हुए, यूरोपीय संसद ने उनकी "असीम वैयक्तिक वीरता" की प्रशंसा की।
- 45 वर्षीय कार्यकर्ता को पिछले वर्ष जहर (नर्व एजेंट) दिया गया था और जर्मनी में इलाज के बाद मास्को लौटने पर तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और जेल में डाल दिया गया।

**7.** ग्लोबल बिजनेस सस्टेनेबिलिटी लीडरशिप के लिए प्रतिष्ठित 2021 सी.के. प्रहलाद पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया________ **सत्या नडेला।**

**नोट:**

- माइक्रोसॉफ्ट के तीन अन्य अग्रणी ब्रैड स्मिथ (प्रेसीडेंट), एमी हुड (CFO) और लुकास जोप्पा हैं।
- उन्हें 2030 तक माइक्रोसॉफ्ट को कार्बन प्रतिकूल कंपनी में बदलने पर केंद्रित उनके सहयोगी नेतृत्व हेतु सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार 2010 में कॉर्पोरेट इको फोरम (CEF) द्वारा सृजित किया गया था।

**8.** सात वर्षीय आराध्या अरविंद शंकर किस राज्य से हैं, जिन्होंने चिल्ड्रन पीस इमेज ऑफ द ईयर-ग्लोबल पीस फोटो अवार्ड विजेता प्रथम भारतीय बनकर इतिहास रचा________ **कर्नाटक।**

**नोट:**

- ग्लोबल पीस फोटो अवार्ड यूनेस्को और ऑस्ट्रियाई संसद की साझेदारी में लैमरहुबेर एडिशन द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।
- यह पुरस्कार विश्व के उन फोटोग्राफरों को सम्मानित करता है जिनकी तस्वीरें शांतिपूर्ण दुनिया की दिशा में मानवीय प्रयासों को दर्शाती हैं।

## खेल समाचार

**1.** डेनमार्क के आर्हस में किस देश ने 2021 थॉमस कप ट्रॉफी जीती_________**इंडोनेशिया।**

**नोट:**

- इंडोनेशिया 14 खिताबों के साथ पुरुष बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे सफल देश है।
- चीन ने रजत पदक जीता जबकि जापान और मेजबान डेनमार्क ने कांस्य पदक जीता।

**2.** किस देश ने आर्हस, डेनमार्क में फाइनल में जापान को हराकर उबेर कप खिताब जीता__________**चीन।**

**नोट:**

- 19 फाइनल में चीन की यह 15वीं उबेर कप खिताबी जीत है।

- जापान ने शानदार अंदाज में फाइनल की शुरुआत की जब दुनिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची ने महिला एकल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चेन यू फी को 21-18, 21-10 से हराकर जापान को 1-0 की बढ़त दिलाई।
- यामागुची ने हाल ही में सुदीरमन कप में भी चेन यू फी को हराया था।

**3.** दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) चैंपियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी ________ **मालदीव।**

**नोट:**

- भारत ने माले, मालदीव में नेपाल को 3-0 से हराकर आठवीं बार दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF) चैंपियनशिप जीती।
- सुनील छेत्री ने मैच के 49वें मिनट में गोल किया, जिससे वह लियोनेल मेस्सी के 80 अंतर्राष्ट्रीय गोल के रिकॉर्ड के बराबर पहुंच गए।
- प्रमुख कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में यह भारतीय फुटबॉल टीम की पहली खिताबी जीत है।

**4.** चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) ने फाइनल में किस टीम को हराकर 2021 इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) का खिताब जीता__________ **कोलकाता नाइट राइडर्स।**

**नोट:**

- यह IPL का 14वां संस्करण था जो 20-20 प्रारूप में भारतीय क्रिकेट लीग है।
- IPL में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) की यह चौथी जीत थी, इससे पहले 2010, 2011 और 2018 में टूर्नामेंट जीता था।
- CSK के कप्तान: एम.एस. धोनी

**5.** बुडापेस्ट, हंगरी में अपना दूसरा इंटरनेशनल मास्टर हासिल करने के बाद भारत की 21वीं महिला ग्रैंड मास्टर __________ **दिव्या देशमुख।**

**नोट:**

- उन्होंने 9 राउंड में 5 अंक जीते और 2452 की परफॉर्मेंस रेटिंग के साथ अंतिम WGM मानदंड पूरा किया।
- उन्होंने अपना दूसरा IM-मानदंड भी हासिल किया और अब वह इंटरनेशनल मास्टर बनने से एक मानदंड दूर हैं।
- नागपुर की खिलाड़ी ने वेलम्मल इंटरनेशनल वूमन राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट और एयरोफ़्लोट ओपन 2019 में पहले दो WGM मानदंड हासिल किए थे।

**6.** कौन सा राज्य 'साउथ एशियन फेडरेशन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2022 और 56वीं नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा ________ **नागालैंड।**

**नोट:**

- 56वीं नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप, जिसकी मेजबानी भी नागालैंड कर रहा है, को साउथ एशियन फेडरेशन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के साथ आयोजित किया जाएगा।
- आठ दक्षिण एशियाई देशों - अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव के सर्वोच्च एथलीट इस आयोजन में भाग लेंगे।

**7.** ला नुसिया ओपन शतरंज टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर________ **पी. इनियान।**

**नोट:**

- 19 वर्षीय इनियान, 2529 की एलो रेटिंग के साथ, ग्रैंड मास्टर एंड्री सुमेट्स (यूक्रेन) और रोड्रिगो वास्केज़ श्रोएडर (चिली) सहित सात अंकों की बराबरी पर रहे, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर प्रतिस्पर्धा जीत ली।
- पांचवीं वरीयता प्राप्त इनियान नौ राउंड के टूर्नामेंट में अजेय रहे।
- आठवें राउंड में बाई मिलने के अलावा, उन्होंने छह गेम जीते और दो ड्रॉ किए।

**8.** मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और बच्चों तथा किशोरों के कल्याण हेतु किस खेल शासी निकाय ने यूनिसेफ के साथ साझेदारी की _________ **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC)।**

**नोट:**

- इस साझेदारी के तहत, ICC पुरुषों के T20 विश्व कप 2021 में यूनिसेफ के **#OnYourMind अभियान** का प्रचार करेगा।
- ICC यूनिसेफ के कार्यों का समर्थन करने और मानसिक स्वास्थ्य तथा शारीरिक कल्याण के प्रति अधिक प्रतिबद्धता हेतु आग्रह के लिए अपने प्रसारण एवं डिजिटल चैनलों सहित अपने वैश्विक मंचों का उपयोग करेगा।

**9.** मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) की आजीवन सदस्यता से सम्मानित भारतीय क्रिकेटर ________ **हरभजन सिंह और जवागल श्रीनाथ।**

**नोट:**

- हरभजन 103 टेस्ट मैच में 417 विकेट के साथ भारत के तीसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जबकि श्रीनाथ देश के महानतम एकदिवसीय खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने 315 विकेट लिए और 50 ओवरों के अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भारत के दूसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में अपना करियर समाप्त किया।
- इस वर्ष की सूची में बारह में से आठ टेस्ट खेलने वाले देश रहे, जिसमें आधुनिक खेल के कुछ सबसे विख्यात नाम शामिल हैं।

**10.** व्यक्तिगत महिला साबरे वर्ग में फ्रांस में 2022 चार्लेलविले राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीतने वाली भारतीय तलवारबाज _________ **भवानी देवी।**

**नोट:**

- उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में ट्यूनीशिया की नादिया बेन अज़ीज़ी के खिलाफ राउंड ऑफ 64 मैच 15-3 से जीता और खेल में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचा, लेकिन बाद में वह कांस्य पदक विजेता, फ्रांस की मानोन ब्रुनेट से हार गईं।
- वह वर्तमान में विश्व में 50वें स्थान पर है और भारत से शीर्ष तलवारबाज हैं।

## पुस्तकें एवं लेखक

**1.** 'द कस्टोडियन ऑफ ट्रस्ट - ए बैंकर्स मेमोयर' पुस्तक किसने लिखी ________ **रजनीश कुमार।**

**नोट:**

- पुस्तक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है।
- इसने हमारे देश में वित्तीय प्रणाली कैसे काम करती है, इस पर दुर्लभ अंतर्दृष्टि प्रदान की।
- कस्टोडियन ऑफ ट्रस्ट कुमार के पुराने शहर मेरठ के एक मामूली घर से 1980 में SBI में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी बनने और 2017 में अध्यक्ष बनने तक के सफर को दर्शाती है।

2. “वीर सावरकर: द मैन हू कुड हैव प्रिवेंटेड पार्टिशन” पुस्तक लिखी ________ **उदय माहुरकर और चिरायु पंडित।**

**नोट:**

- ➢ इस पुस्तक का विमोचन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में किया।
- ➢ पुस्तक महान नेता सावरकर के कार्यों के बारे में बताती है।
- ➢ पुस्तक धर्म तथा जातिगत भेदभाव और क्षेत्रीय भावनाओं से ऊपर उठने वाले एक राष्ट्र के प्रति सावरकर के सर्वोत्तम संभव पथ को उजागर करती है।

3. "सर सैयद अहमद खान: रीजन, रिलिजन एंड नेशन" पुस्तक किसने लिखी __________ **शफी किदवई।**

**नोट:**

- ➢ पुस्तक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में विकसित मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज के संस्थापक सर सैयद अहमद खान का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण है।
- ➢ पुस्तक का प्रकाशन रूटलेज इंडिया द्वारा किया गया है।

4. “एक्चुअली... आई मेट देम: ए मेमोयर” पुस्तक के लेखक__________**गुलज़ार।**

**नोट:**

- ➢ यह पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया पब्लिशिंग ग्रुप द्वारा प्रकाशित है।
- ➢ इस संस्मरण पुस्तक में, गुलज़ार ने किशोर कुमार, बिमल रॉय, ऋत्विक घटक, ऋषिकेश मुखर्जी और महाश्वेता देवी आदि दिग्गजों के बारे में कई रोचक अज्ञात तथ्य साझा किए हैं।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. नासा के पर्सीवेरेंस रोवर ने किस ग्रह पर स्थित 'जेजेरो क्रेटर' की तस्वीरें भेजीं, और यह बताया कि यह एक शांत झील थी___________ **मंगल।**

**नोट:**

- ➢ पर्सीवेरेंस रोवर पिछले वर्ष 30 जुलाई को लॉन्च किया गया था और मंगल ग्रह पर पहुंचा था।
- ➢ पर्सीवेरेंस ने जेज़ेरो क्रेटर की सतह की खोज की, जो क्रेटर के किनारे पर कभी एक झील और एक शुष्क नदी डेल्टा था।
- ➢ मंगल ग्रह पर छह पहियों वाले रोवर द्वारा भेजी गई विस्तृत तस्वीरों के आधार पर, टीम ने अब साइंस जर्नल में जेज़ेरो क्रेटर डेल्टा के बारे में पहला वैज्ञानिक परिणाम प्रकाशित किया है।

2. 'युद्धाभ्यास 21' का 17वां संस्करण भारत और किस देश के बीच आयोजित किया गया ________ **अमेरिका।**

**नोट:**

- ➢ 14 दिवसीय अभ्यास में आतंकवाद रोधी वातावरण में संयुक्त प्रशिक्षण गतिविधियां शामिल हैं।
- ➢ अभ्यास युद्धाभ्यास भारत तथा अमेरिका के बीच सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण एवं रक्षा सहयोग है।

3. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से किस संस्थान ने भारत का एक व्यापक भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) ऊर्जा मानचित्र विकसित किया ________ **नीति आयोग।**

**नोट:**

- ➢ यह देश में ऊर्जा उत्पादन एवं वितरण पर व्यापक दृष्टि हेतु ऊर्जा के सभी प्राथमिक तथा द्वितीयक स्रोतों और उनके परिवहन/प्रेषण नेटवर्क की पहचान करेगा और उनका पता लगाएगा।

- GIS मानचित्र देश के सभी ऊर्जा संसाधनों की एक समग्र तस्वीर प्रदान करता है जो 27 विषयगत परतों के माध्यम से पारंपरिक विद्युत संयंत्रों, तेल तथा गैस के कुओं, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, कोल फील्ड और कोल ब्लॉकों जैसे ऊर्जा प्रतिष्ठानों के मानस चित्रण, नवीकरणीय ऊर्जा बिजली संयंत्रों और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन क्षमता पर जिले-वार डेटा को सक्षम बनाता है।

**4.** किस भारतीय कंपनी के सहयोग से यूरोपीय वाणिज्यिक ड्रोन तथा सॉफ्टवेयर डेवलपर FIXAR ने भारत में तेज उभरते घरेलू अनमैन्ड एरियल व्हीकल बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की ________ **पारस एयरोस्पेस।**

**नोट:**

- इस साझेदारी की दिशा में पहले कदम के रूप में, कंपनी देश में अपना फिक्स्ड विंग ड्रोन FIXAR007 लॉन्च करेगी।
- प्रारंभिक समझौते में अगले 6-8 महीनों में भारत में ऑपरेटरों को 150 ड्रोन की डिलीवरी का लक्ष्य है और पहला ड्रोन अगले महीने प्राप्त होने की उम्मीद है।

**5.** किस अंतरिक्ष एजेंसी ने ट्रोजन एस्टेरॉइड का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष मिशन लुसी स्पेसक्राफ्ट लॉन्च किया ________**नासा।**

**नोट:**

- लुसी एक प्रमुख एस्टेरॉइड बेल्ट और सात ट्रोजन एस्टेरॉइड का पर्यवेक्षण करते हुए 12 वर्ष यात्रा करेगा।
- बृहस्पति से जुड़े ट्रोजन एस्टेरॉइड के समूह को बाह्य ग्रहों का निर्माण करने वाले मूल पदार्थ का अवशेष माना जाता है।
- इन पिंडों में सौर मंडल के इतिहास को समझने हेतु महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं।

--------------0--------------

BYJU'S EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card

